नवभारत

कांकेर, शुक्रवार 10 अगस्त 2018

गर्ल्स कॉलेज में वन महोत्सव मनाया गया

■ नवभारत | कांकेर

वन विभाग के जिला स्तरीय वन महोत्सव के अंतर्गत वृहद वृक्षारोपण एवं हरीतिमा पर्यावरण संवर्धन के अंतर्गत एक अभिन्न कार्यक्रम के रूप में शासकीय इन्दू केंवट कन्या महाविद्यालय भवन के चारों ओर अहाते की पट्टिका में सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ. जिसमें वन विभाग के लगभग 50 कमर्चारियों सहित महाविद्यालय स्टाफ तथा महाविद्यालय की लगभग 400 छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया. सर्वप्रथम वृक्षारोपण का कार्य प्राचार्य डॉ सी आर पटेल, उपवन क्षेत्रपाल श्री झा तथा महाविद्यालय की पूर्व छात्रा रहीं वन कर्मचारी नीलिमा सलाम ने किया. कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर श्री झा, श्री पटेल तथा सुश्री नीलिमा एवं प्राध्यापक गणों ने अपने प्रेरक विचार प्रकट किए. महाविद्यालय की छात्राओं ने अपने अपने निर्धारित पॉइंट्स में वन विभाग के पुरुष तथा महिला अधिकारी कमर्चारियों के साथ मिलकर परिसर वृक्षारोपण का कार्यक्रम संपन्न किया. उपस्थित प्राध्यापकों एवं वन विभाग के कमर्चारियों ने महाविद्यालयीन छात्राओं को वृक्षारोपण परिरक्षण की शपथ दिलायी तथा रोपित पौधों के परिरक्षण, जल सिंचन एवं पौधरोपण के लिए वृक्ष मित्र दल बनाकर चिन्हांकित किया.

नवभारत 4
www.navabharat.org

प्लास्टिक फ्री कांकेर बनाने रासेयो छात्राओं ने शहर में चलाया अभियान



कांकेर. प्लास्टिक फ्री कांकेर के उद्देश्य और स्वच्छ भारत अभियान में छात्र-छात्राओं की सम्पूर्ण सहभागिता के विशेष पहल पर ग्रीष्मकालीन समर इंटर्नशीप प्रोग्राम के बैनर तले राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय इन्दरू केंवट कन्या महाविद्यालय ने कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अजय कुमार पटेल के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से कांकेर शहर और इच्छापुर गांव में से नो टू प्लास्टिक अभियान चलाया. सर्वप्रथम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इच्छापुर के प्राचार्य हरीश कुमार साहू ने प्लास्टिक फ्री कैंपेन में जो कि गर्ल्स कॉलेज कांकेर की रासेयो ग्रुप लीडर छात्राओं प्रियंका साहू, हीना साहू, अंजू नेताम द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत व्यापक जन आंदोलन के रूप में चलाये जा रहे अभियान की सराहना करते हुए कहा कि रासेयो विद्यार्थियों को अपने विचार को थीम में परिवर्तित कर अभियान का रूप देना बहुत बड़ी उपलब्धि है. इस दौरान जल संरक्षण और संवर्धन के लिए बारिश से भरे कैंपस को खाली किया एवं उनका नाली निर्माण करते हुए गंदगी को दूर करने में महती भूमिका अदा की. मोर कांकेर स्वच्छ कांकेर के थीम पर आयोजित रंगोली में प्रथम श्रद्धा गायकवाड़, द्वितीय तान्या ठाकुर एवं तृतीय रेणुका यादव ने प्राप्त किया. जिसे अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया. बच्चों में पोस्टर प्रतियोगिता एवं स्वच्छता प्रदर्शनी भी रखी गई. जिसमें उनको विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से डेमो के माध्यम से सिखाया गया. प्रधानपाठक मोहन्न सेनापति, शबाना सिंह, अनिता श्रीवास्तव, भोज रजक ने रैली का नेतृत्व करते हुए सहभागिता की. इसी तरह से वृहद वृक्षरोपण और प्लास्टिक फ्री अभियान में शिक्षकगण विकास श्रीवास्तव, चक्रधर पटेल, सरिता ठाकुर, कुसुमलता गंजीर, भावना दीवान, कविता नेताम, जागृति साहू, दुर्गेश्वरी नंदिनी मंडावी, कृतराम कोसमा, चमन सिन्हा का प्रशंसनीय योगदान रहा. संस्था प्राचार्य डॉ. चेतन राम पटेल ने कार्यक्रम के सफलता की बधाई एवं शुभकामनाएं दी है.

कार्यालय-प्राचार्य, शास. इन्दरू केंवट कन्या महाविद्यालय,कांकेर
जिला–उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
AISHE CODE – C- 24967
Phone No. 07868-223904 Website – http://ggcknk.in/ Mail Id - ggckanker@gmail.com

कांकेर, दिनांक 16 / 11 / 2018

/ / सूचना / /

महाविद्यालय में कार्यरत समस्त कर्मचारियों / अधिकारियों एवं समस्त अध्ययनरत विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि आज दिनांक 16 / 11 / 2018 से महाविद्यालय में प्लास्टिक से निर्मित किसी भी प्रकार की सामाग्री का महाविद्यालय परिसर में उपयोग पर पूर्णतः प्रतिबंध है।

PRINCIPAL
Govt. Indaru Kenwat
Girls College Kanker
Distt. U. B. Kanker (C.G.)

प्राचार्य
शासकीय इंदरू केंवट कन्या
महाविद्यालय कांकेर (छ0ग0)